वार्षिक प्रतिवेदन– 2013–14

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखण्ड

अस्थायी परिसर : राजकीय पॉलिटेक्निक, श्रीनगर गढ़वाल – 246174,
जिला – पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

वार्षिक एवं लेखा प्रतिवेदन 2013–14

विषय सूची

		पृष्ठ सं0
01.00	**परिचय**	
	उद्देश्य	5
	शिक्षा प्रणाली	5
	नई पहल	6
02.00	**सिंहावलोकन**	
02.01	ऐतिहासिक पृष्ठभूमि	7
02.02	स्थान	8
02.03	परिसर	8
02.04	प्रशासन	8
02.05	शैक्षणिक कार्यक्रम	8
02.06	प्रस्तुत पाठ्यक्रम	8
02.07	प्रवेश प्रक्रिया	8
02.08	छात्र	9
02.09	परीक्षा एंव मूल्यांकन	9
02.10	प्रशिक्षण और स्थापन	11
02.11	कार्यक्रम घटनाऐं एवं गतिविधिया	11
02.12	खेल सुविधाऐं	13
02.13	उल्लेखनीय उपलब्धियां	14
02.14	अनुसंधान एवं विकास संरचना	14
03.00	**कर्मचारी वृंद**	
03.01	शैक्षणिक कर्मचारी	14
03.02	अधिकारीगण	16
03.03	सतत शिक्षा प्रक्रिया	18
04.00	**शक्षणिक कार्यक्रम**	
04.01	प्रस्तुत पाठ्यक्रम	20
04.02	लिंग एवं जाति के आधार पर नामांकन	21
04.03	छात्रावास	22
04.04	छात्रवृत्ति/आर्थिक सहायता	23
04.05	खेल	24
04.06	पुरस्कार एवं सम्मान	24
05.00	**अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां**	
05.01	पीएचडी कार्यक्रम	24
05.02	वर्तमान अनुसंधान परियोजनाएं	25
05.03	प्रायोजित शोध एवं औद्योगिकी परामर्श (एसआरआईसी)	26

06.00 प्रशासन एवं वैधानिक निकाय एवं अन्य समितियां
06.01 शासक मण्डल 27
06.02 वित्त समिति 28
06.03 भवन निर्माण समिति 29
06.04 अधिशासी सभा (सीनेट) 30

07.00 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं विकलांगों के लिए रियायतें
07.01 छात्रों हेतु रियायतें 31
07.02 कर्मचारियों हेतु रियायतें 31

08.00 वित्तीय स्थिति
08.01 योजना एवं गैर योजनागत अनुदानों का विश्लेषण 31
08.02 निधियों के स्रोत 31

09.00 केन्द्रीय सुविधाएँ एवं सेवाएँ
09.01 संगणक केंद्र 31
09.02 कार्यशाला 32
09.03 पुस्तकालय 32
09.04 प्रयोगशालायें 33
09.05 अस्पताल 38
09.06 भौतिक सुविधाएं 38
09.07 खेल सुविधांए 38
09.08 छात्रावास, भोजनालय एवं निवास तथा प्रशासन एवं अन्य सुविधायें 38

10.00 उल्लेखनीय उपलब्धियां 39

11.00 तकनीकी संगठनों की गतिविधियां एवं छात्र रूचि क्लब 39

लेखा प्रतिवेदन 41–72

निदेशक का संदेश

मैं अपार हर्ष के साथ सूचित करता हूँ कि वर्ष 2013 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखण्ड के लिए अत्यंत फलदायी रहा। मैं गर्व के साथ घोषणा करता हूँ कि 33 संकाय सदस्य, 04 अधिकारी एवं 12 गैर शैक्षणिक संदस्यों की नियुक्ति शैक्षणिक वर्ष 2013–14 में की गयी। इस शैक्षणिक सत्र मे सिविल अभियान्त्रिकी में स्नातकपूर्व कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया । हमने विभिन्न विभागों में 246 छात्रों का स्नातकपूर्व कार्यक्रम प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया। विभिन्न विभागों में छात्रों की संख्या इस प्रकार है–सिविल अभियान्त्रिकी विभाग में 59, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में 45, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी में 43, विद्युत अभियांत्रिकी में 47 एवं यान्त्रिक अभियान्त्रिकी में 52 छात्रों ने प्रवेश लिया। इसके अतिरिक्त छात्रों की काल्पनिक, संरचनात्मक एवं लेखन शैली के संवर्धन हेतु मासिक संवाद पत्र टेक्नासेवी एवं भित्ति पत्र "थिंक टैंक" भी प्रारम्भ किया गया।

इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण एवं स्थापन प्रकोष्ठ की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी कि प्रथम समूह के छात्रों को शीघ्रातिशीघ्र नियुक्ति मिल सके। मैं अत्यंत हर्ष के साथ कहना चाहता हूँ कि इस प्रकोष्ठ ने सक्रिय रूप से कार्य किया जिससे की सात छात्रों को विभिन्न संगठनों में नियुक्ति प्राप्त हुई जिसमें सर्वोच्च पैकेज 09 लाख रूपये सालाना है। आगन्तुक संगठनों में, ट्राईडेन्ट समूह, सनकोर माइक्रोसिस्टमस, स्पेक्ट्रम प्लानिंग सर्विसेज, अमेजन इड़िया प्रा0 लि0, रैमको इड़िया प्रा0 लि0 इत्यादि थे।

संस्थान मे विभिन्न नियमों का निर्धारण एवं कई समितियों का गठन किया गया जिससे कि उचित नीति निर्धारण किया जा सके। मुझे यह घोषणा करते हुए अपार हर्ष होता कि हमने परिसर के विस्तार के लिए ठोस कदम उठाए हैं। अपने परिसर का विस्तारण करने की प्रक्रिया में, हमनें 600 वर्ग मीटर की भूमि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, श्रीनगर के परिसर में ले चुके हैं। छात्र–छात्राओं की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए दो पुरूष छात्रावास जिसमें 270 छात्र एवं एक महिला छात्रावास जिसमे 25 छात्राओं को ठहराया जा सके, को भी निर्मित किया गया हैं। इसके अतिरिक्त उत्तराखण्ड सरकार ने संस्थान के स्थायी परिसर हेतु 125 हेक्टेयर की भूमि श्रीनगर से 22 कि0मी0 दूर सुमाड़ी गांव में स्वीकृत की है एवं 19 फरवरी 2014 को भूमि पूजन समारोह सम्पन्न किया गया।

बंसत 2014 मे पी0 एचडी0 कार्यक्रम को भी प्रारम्भ किया जा चुका है तथा शरद 2015 से एम0 एससी0, एम0टेक0 एवं प्रबन्ध अध्ययन जैसे पाठ्यक्रमों को भी संचालित हेतु हम प्रयासरत है।

अन्ततः हम छात्रों, अभिभावको, संस्थान के सदस्यों, अधिशासी मण्डल एवं सरकार द्वारा प्रदत्त सक्रिय योगदान, संवर्धन एवं उत्साहवर्धन को स्वीकार करते हैं एवं निकट भविष्य में इस प्रकार की निरन्तर सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

प्रो0 एच0 टी0 थोरात

परिचय

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत, भारत सरकार ने 10 नये एन.आई.टी. स्थापित करने का निर्णय लिया। एन.आई.टी. उत्तराखण्ड उन्हीं दस में से एक है। संस्थान मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूर्णरुपेण वित्तपोषित है। प्रो0 एच0 टी0 थोरात के नियमित निदेशक के रुप में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व संस्थान अपने शैशवकाल में राप्रौसं, कुरुक्षेत्र के संरक्षण में था। वर्तमान में राप्रौसं, उत्तराखण्ड शासकीय तंत्र निकेतन, श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखंड में स्थित अस्थायी परिसर से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा है।

वर्ष 2013 मे संस्थान ने राष्ट्रीय महत्व के संस्थान बनने की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस वर्ष 33 संकाय सदस्य, 04 अधिकारी एवं 12 गैर शैक्षणिक संदस्यों की नियुक्ति की गयी एवं सिविल अभियान्त्रिकी में स्नातकपूर्व कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। फलस्वरुप छात्रों की संख्या में भी वृद्धि आलेखित की गयी जो कि 2012 में 237 से बढ़कर 2013 में 470 हो गयी।

छात्रों एवं अध्यापकों की वृद्धि को देखते हुए अपने परिसर का विस्तारण करने की प्रक्रिया में, हम 600 वर्ग मीटर की भूमि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, श्रीनगर के परिसर में ले चुके हैं। इसके अतिरिक्त उत्तराखण्ड सरकार ने संस्थान के स्थायी परिसर हेतु 125 हेक्टेयर की भूमि श्रीनगर से 22 कि0मी0 दूर सुमाड़ी गांव में स्वीकृत की है एवं 19 फरवरी 2014 को भूमि पूजन समारोह माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सरकार के कर कमलों द्वारा सम्पन्न किया गया।

सम्प्रति, संस्थान में पूर्णकालिक स्नातकपूर्व कार्यक्रम संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, विद्युत अभियांत्रिकी, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी, यान्त्रिक अभियान्त्रिकी एवं सिविल अभियान्त्रिकी में संचालित किये जाते है जिसमें कुल 470 छात्र प्रविष्ठ किये गये हैं।

उद्देश्य

संस्थान छात्रों को नैतिक शिक्षा पर आधारित उच्च श्रेणी की तकनीकी शिक्षा प्रदान करने एवं छात्रों को समाज सेवा एवं लोगों को निर्णायक सामाजिक – तकनीकी एवं सामाजिक आर्थिक समस्याओं से अवगत कराने तथा ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्र में तकनीकि सहायता उपलब्ध कराने हेतू प्रतिबध है। संस्थान का उद्देश्य, मानव संसाधन का विकास, उद्योग के साथ मिलकर, राष्ट्रीय विकास करना है।

शिक्षा प्रणाली

संस्थान 04 वर्षीय स्नातकपूर्व कार्यक्रम संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, विद्युत अभियांत्रिकी, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी, यान्त्रिक अभियान्त्रिकी एवं सिविल अभियान्त्रिकी में संचालित करता है। इन कार्यक्रमों में क्रेडिट आधारित सेमिस्टर प्रणाली लागू है। शैक्षणिक वर्ष को क्रमशः दो भागो एवं दो अवधि में विभाजित किया जाता है– शरद एवं वसंत एवं ग्रीष्म एवं शीत।

छात्रों को प्रत्येक व्याख्यान, ट्यूटोरियल एवं प्रयोगात्मक क्रियाकलाप में भाग लेना आवश्यक है। उन्हें उपस्थिति ग्रेड दिया जाता है जिससे कि वे परीक्षा में उपस्थित हो सके। छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन CGPA के आधार पर किया जाता है।

पंजीकरण

प्रत्येक छात्र को शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार अधिसूचित दिन पर व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करना आवश्यक है–

- सभी पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण स्नातकपूर्व के प्रथम दो सत्रों के दौरान अनिवार्य है। जबकि सभी पाठ्यक्रम सभी शाखाओं के लिए समान है।
- पंजीकरण विभागाध्यक्ष की देख – रेख में विभागीय स्तर पर आयोजित किया जाता है ।
- केवल उन छात्रों को पंजीकरण की अनुमति दी जाती है जो पिछले सेमिस्टर में संस्थान की सभी बकाया पूरा कर चुके हों। वर्तमान सेमिस्टर का निर्धारित शुल्क दे चुकें हो। अनुशासनात्मक कार्यवाही के आधार पर पंजीकरण से वंचित न किया गया हो।
- द्वितीय वर्ष में पंजीकृत होने के लिए, छात्र को संतोषजनक ढ़ंग से कम से कम 30 क्रेडिट (पूरक परीक्षाओं के बाद) पूरा करना अनिवार्य है।

- तृतीय वर्ष में पंजीकृत होने के लिए छात्र को संतोषजनक ढ़ंग से प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में 70 क्रेडिट (पूरक परीक्षाओं के बाद) पूरा कर लिया जाना चाहिए तथा पूरक परीक्षाओं के उपरान्त प्रथम वर्ष के सभी पाठ्यक्रम उतीर्ण करना होता है।
- अंतिम वर्ष के प्रथम सेमिस्टर में पंजीकृत होने के लिए, छात्र को संतोषजनक ढंग से कम से कम 130 क्रेडिट तृतीय वर्ष में पूरे कर लेने चाहिए एवं संतोषजनक ढंग से तृतीय वर्ष (पूरक परीक्षाओं के बाद) के सभी पाठ्यक्रम उतीर्ण कर लेने चाहिए।

नई पहल

शैक्षणिक वर्ष 2003–14 राप्रौसं, उत्तराखण्ड के लिए उल्लेखनीय उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा। इस वर्ष महत्वपूर्ण कदम उठाए गए जो कि निम्नलिखित रुप से आलेखित हैं–

1. प्रशिक्षण एवं स्थापन प्रकोष्ठ

संस्थान ने प्रशिक्षण एवं स्थापन प्रकोष्ठ की स्थापना इस उद्देश्य के साथ की कि प्रथम समूह के छात्रों का स्थापन किया जा सके। गर्व के साथ यह घोषणा किया जाता हैं कि इस प्रकोष्ठ ने सक्रिय रूप से कार्य किया जिससे सात छात्रों को विभिन्न संगठनों में नियुक्ति प्राप्त हुई जिसमें सर्वोच्च पैकेज 09 लाख रूपये सालाना थी। संस्थान आगन्तुक संगठनों में ट्राईडेन्ट समूह, सनकोर माइक्रोसिस्टमस, स्पेक्ट्रम प्लानिंग सर्विसेज, अमेजन इड़िया प्रा0 लि0, रैमको इड़िया प्रा0 लि0 इत्यादि थे।

2. संकाय सदस्यों का महत्वपूर्ण संस्थानों में भ्रमण

संस्थान ने एक नई पहल के तहत नवनियुक्त संकाय सदस्यों का आई0 आई0 टी0 एवं एन0 आई0 टी0 में भ्रमण को प्रयोजित किया जिससे कि वे उचित अध्यापन शिक्षण एवं शोध अर्न्तराष्ट्रीय मानकों के अनुसार कर सकें। यह भ्रमण संकाय सदस्यों के शैक्षणिक, मानव संसाधन को समृद्धशाली बनाने में उपयोगी सिद्ध हुआ। संस्थान के अधिकारियों एवं प्राध्यापकों ने इस भ्रमण मे अति उत्साह दिखाया एवं अपने ज्ञान पिपासा को शांत किया। संकाय सदस्यों ने अपने शैक्षणिक एवं शोध के विकास के लिए सहयोगात्मक अवसरों की तलाश की। इस शैक्षणिक यात्रा में प्राध्यापकों ने न केवल ज्ञान का आदान–प्रदान किया अपितु आधुनिक विद्वानों के दर्शन भी किये। निम्नलिखित सारणी संकाय सदस्यों एवं उनके विभाग तथा उनके द्वारा संस्थानों में किये गये भ्रमण को दर्शाती हैं–

संकाय सदस्यों के नाम एवं विभाग	भ्रमण किये गये संस्थान
डॉ0 अजय कुमार चौबे– मानविकी श्री अपूर्व मंडल– यान्त्रिक अभियान्त्रिकी श्री सौरव बोस– विद्युत अभियांत्रिकी	आई0आई0टी0 बॉम्बे, एस0वी0एन0आई0टी0 सूरत, एवं आई0आई0टी0 गाँधीनगर
डॉ0 नितिन शर्मा – मानविकी श्री अश्विनि कुमार यादव– यान्त्रिक अभियान्त्रिकी श्री पीयूश तिवारी – इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	आई0आई0टी0 दिल्ली, एन0आई0टी0 दिल्ली, आई0आई0टी0 जोधपुर एवं एम0एन0आई0टी0 जयपुर
प्रो0 वी0के0 शर्मा– विद्युत अभियांत्रिकी डॉ (श्रीमती) रेनू भदोला डंगवाल– मानविकी सुश्री दीपिका सिपल–इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	आई0आई0टी0 मद्रास, एन0आई0टी0 त्रिची, एवं एन0आई0टी0 पुदूचेरी
डॉ0 सरोज रंजन डे– मानविकी डॉ0 अनिरबन मुखर्जी– मानविकी श्री कुमार गौरव–इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी श्री0 विकास कुकशाल– यान्त्रिक अभियान्त्रिकी	आई0आई0टी0 मद्रास, एन0आई0टी0 वारन्गल, एवं आई0आई0टी0 हैदराबाद
डॉ0 एम0एस0 खत्री– मानविकी श्री नितिन कुमार – संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी श्री विनीत पी0 चन्द्रन– विद्युत अभियांत्रिकी	आई0आई0एस0सी0 बंगलुर, एन0आई0टी0 सुरथकल, एवं एन0आई0टी0 गोवा
डॉ0 इन्द्रजीत नागपुरे– मानविकी डॉ0 पवन कुमार राकेश– यान्त्रिक अभियान्त्रिकी श्री सन्तोष भगत– इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	आई0आई0टी0 कानपुर, एन0आई0टी0 इलाहाबाद, एवं आई0आई0टी0 भुवनेश्वर
डॉ0 ए0एस0 धुंडी– यान्त्रिक अभियान्त्रिकी	आई0आई0टी0 खड़गपुर, एन0आई0टी0 सिलचर,

डॉ0 धीरेन्द्र बहादुर सिंह– मानविकी श्री महिराज सिंह रावत– विद्युत अभियांत्रिकी	एन0आई0टी0 मणिपुर एवं एन0आई0टी0 मिजोरम
डॉ0 विनीता नेगी– सहायक कुलसचिव (लेखा) डॉ0 गरिमा सनामन– सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 पंकज कण्डवाल– मानविकी सुश्री मिताली हल्दर– संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	आई0आई0टी0 खड़गपुर, एन0आई0टी0 राउरकेला, एन0आई0टी0 अरुणांचल प्रदेश एवं एन0आई0टी0 नागालैण्ड
डॉ0 कुलदीप शर्मा – मानविकी श्री मनदीप सिंह– इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी श्री प्रकाश द्विवेदी– विद्युत अभियांत्रिकी श्री महीप सिंह– संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	आई0आई0टी0 गुवाहाटी, एन0आई0टी0 दुर्गापुर, एन0आई0टी0 सिक्किम एवं एन0आई0टी0 मेघालय
डॉ0 दीपक बहेरा– मानविकी सुश्री घनप्रिया सिंह– इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी सुश्री स्मिता कलोनी–सिविल अभियान्त्रिकी	आई0आई0एस0सी0 बंगलुर, एन0आई0टी0 कालीकट, एवं आई0आई0टी0 इन्दौर

3. शिलान्यास समारोह–

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखण्ड का शिलान्यास समारोह ग्राम सुमाडी में 19 फरवरी 2014 को सम्पन्न हुआ। संस्थान का स्थायी परिसर 300 एकड़ की भूमि पर स्थित होगा। श्री हरीश रावत, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सरकार, समारोह के मुख्य अतिथि थे। श्री सतपाल महाराज, संसद सदस्य, पौड़ी गढ़वाल, श्री हरक सिंह रावत, काबीना मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार, श्री गणेश गोदीयाल, विधायक, श्रीनगर गढ़वाल, प्रो0 एस0 के0 सिंह, कुलपति, हे0न0ब0 विश्वविद्यालय, डॉ0 एम0सी0 पन्त, कुलपति, उत्तराखण्ड चिकित्सा विश्वविद्यालय, डॉ0 वी0एल0 जहांगिरदार, प्राचार्य, चिकित्सा महाविद्यालय, श्रीनगर एवं श्री राजेश अरोड़ा, महाप्रबन्धक, एन0बी0सी0सी0 भी समारोह में उपस्थित थे। संस्थान के निदेशक डॉ0 एच0टी0 थोरात ने अपने भाषण में नये परिसर की बिजली एवं पानी की आपूर्ति में आत्म–निर्भरता पर बल दिया। संस्थान के परिसर का प्रारुप तैयार है एवं पर्यावरण के अनुकूल परिसर के निर्माण की योजना है। इसके अतिरिक्त, नये परिसर की चारदीवारी के निर्माण का कार्य प्रतिवेदन के दौरान प्रारम्भ हो चुका है।

02.00 सिंहावलोकन

02.01 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखण्ड 11वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत, तकनीकी शिक्षा विभाग, मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2009 में स्थापित किया गया। संस्थान पूर्णरूपेण मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण में है।

वर्तमान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), उत्तराखण्ड, शासकीय तंत्र निकेतन, श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखंड में अपने अस्थायी परिसर से अपनी गतिविधियां संचालित करता है।

02.02 स्थान

वर्तमान में, संस्थान शासकीय तंत्र निकेतन, श्रीनगर गढ़वाल, में अस्थायी रूप से स्थित है। श्रीनगर गढ़वाल, बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 पर ऋषिकेश से 105 कि.मी. की दूरी पर है। ऋषिकेश, यह निकटतम रेलवे स्टेशन है। हरिद्वार उत्तराखण्ड का मुख्य रेलवे स्टेशन है जो कि श्रीनगर से 130 कि.मी. दूरी पर है। निकटतम हवाई अड्डा जौलीग्रांट, देहरादून है जो श्रीनगर से 125 कि.मी. दूर है। टैक्सी, हवाई अड्डे की सेवा श्रीनगर के लिए उपलब्ध है। श्रीनगर देहरादून, ऋषिकेश एवं हरिद्वार से सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। ऋषिकेश से श्रीनगर तक पँहुचने के लिए 3 से 4 घंटे का समय लगता है।

02.03 परिसर

संस्थान आवासीय परिसर से युक्त है जिसे शासकीय तंत्र निकेतन में संचालित किया जाता है जिसमें अस्थायी रूप से भवनों का निर्माण किया गया है। छात्रों के लिये अलग से भोजनालय की व्यवस्था है। संस्थान में संकाय सदस्यों के लिये भी आवास की व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी है जिससे कि वे अकेले या परिवार के साथ रह सकें ।

02.04 प्रशासन

संस्थान के निदेशक को अधिष्ठाता एवं सहअधिष्ठाताओं का समूह शिक्षा, शोध एवं योजना छात्र कल्याण, शिक्षक कल्याण, योजना एवं विकास, संगणक एवं खेल प्रशिक्षण एवं स्थापन सम्बन्धित मामलों में सहायता प्रदान करता है। कुछ कर्मचारी गण लेखा, प्रशासन, पुस्तकालय, खेल एवं कार्यालयी मामलों की देख–रेख के लिए तैनात किये गये हैं तथा कुछ तकनीकी तथा कार्यालय पदो पर नियुक्ति प्रकियान्तर्गत।

02.05 शैक्षणिक कार्यक्रम–

संस्थान स्नातक पूर्व कार्यक्रम अभियांत्रिकी में प्रदान करता है। प्रारम्भ में विद्युत अभियांत्रिकी, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी, संगणक विज्ञान अभियांत्रिकी इत्यादि शाखाऐं थी। तदुपरान्त शैक्षणिक वर्ष 2012–13 एवं 2013–14 में क्रमशः यान्त्रिक–अभियांत्रिकी एवं सिविल अभियांत्रिकी में स्नातक पूर्व कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये।

02.06 प्रस्तुत पाठ्यक्रम–

संस्थान में निम्नलिखित स्नातकपूर्व कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं–

1– विद्युत अभियांत्रिकी

2– इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी

3– संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी

4– यांत्रिक अभियांत्रिकी

5– सिविल अभियांत्रिकी

इसके अतिरिक्त संस्थान पीएच0डी0 पाठ्यक्रम विद्युत अभियांत्रिकी, यांत्रिक अभियांत्रिकी तथा विज्ञान एवं मानविकी (भौंतिकी, रसायन, गणित, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र एवं समाजशास्त्र) में संचालित करता है।

02.07 प्रवेश प्रक्रिया

स्नातक पूर्व कार्यक्रम–

छात्र जिन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा केन्द्र या राज्य बोर्ड से भौंतिकी, रसायन, गणित एवं अंग्रेजी में उत्तीर्ण की हो वे बी0टेक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु योग्य हैं।

रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड में 50 प्रतिशत सीटें गृह राज्य उत्तराखण्ड के लिए आरक्षित हैं तथा भोश 50 प्रतिशत अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए हैं। अन्य राज्यों में गृह राज्य शामिल नहीं हैं। गृह राज्य का तात्पर्य छात्र के उत्तराखण्ड राज्य से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने से है।

रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश देता है जो जे0ई0ई0 (मुख्य परीक्षा) में प्राप्त रैंक के आधार पर जो कि सामान्य योग्यता सूची में स्थान प्राप्त किया हो के आधार पर दिया जाता है। अभ्यर्थी को उसकी पसन्द के अनुसार केवल 1 सीट दी जाती है। जो कि उसने अखिल भारतीय श्रेणी में प्रश्न पत्र 1 या प्रश्न पत्र 2 में शामिल हों। सीट का निर्धारण सी0एस0ए0बी0 के अनुसार वरीयता क्रम के आधार पर दिया जाता है। एक अभ्यर्थी उच्च वरीयता क्रम में दूसरे चरण की काउन्सलिंग में प्राप्त कर सकता है। तात्कालिक सीट निर्धारण संस्थान में उपलब्ध सीटों के आधार पर उपलब्ध कराया जाता है। प्रथम एवं द्वितीय चरण के पश्चात्, हमारे यहां तात्कालिक चरण की भी व्यवस्था है। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन या उपलब्ध सहायता केन्द्र पर जाकर पंजीकरण कराना आवश्यक है। अभ्यर्थी को तात्कालिक चरण के लिए नई वरीयताऐं भरना आवश्यक है।

पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश–

संस्थान में पीएच0डी0 कार्यक्रम शैक्षणिक वर्ष 2013–14 में प्रारम्भ किया गया। अभ्यर्थियों को उनकी स्नातकोत्तर उपाधि में सम्बन्धित विषय में प्रथम श्रेणी (सीपीआई या सीजीपीए 6.75) या न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होना चाहिए, एवं गेट (GATE)/नेट या सेट होना आवश्यक है। शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को योग्यता के आधार पर लिखित परीक्षा तदुपरान्त साक्षात्कार के लिए आमन्त्रित किया जाता है। लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक लाना आवश्यक है। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात्, अभ्यर्थी को उसी दिन साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। साक्षात्कार उत्तीर्ण करने के पश्चात् अभ्यर्थी को अनंतिम प्रवेश अंशकालिक या पूर्णकालिक आधार पर उसके इच्छानुसार दिया जाता है। पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में अनंतिम प्रवेश के पश्चात् अभ्यर्थी को एक पर्यवेक्षक आवंटित किया जाता है। अभ्यर्थी को अपने शोध रूचि के अनुसार तीन महीने के भीतर पर्यवेक्षक से सलाह के पश्चात् शोध संक्षेपिका तैयार करनी होती है। तत्पश्चात् पंजीकरण से पूर्व शोध उन्नति समिति (RPC) के समक्ष जून या दिसम्बर के महीने में प्रस्तुतीकरण देना होता है। शोध उन्नति समिति के संस्तुति के पश्चात् अभ्यर्थी को जनवरी या जुलाई माह में रू0 20000.00 शुल्क के साथ पंजीकरण कराना आवश्यक है। यह पंजीकरण 6 वर्ष के लिए मान्य है। अभ्यर्थी को प्रत्येक सेमेस्टर में रू0 15000.00 शुल्क के साथ अपना पंजीकरण का नवीनीकरण कराना आवश्यक है। संस्थान के नियमानुसार छात्र को छात्रवृत्ति दी जाती है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी को GATE/NET/SET होना आवश्यक है। संस्थान पूर्णकालिक पीएच0डी0 अभ्यर्थी को रू0 10000.00 छात्रवृत्ति प्रदान करता है। अंशकालिक अभ्यर्थियों को कोई छात्रवृत्ति नहीं दी जाती है।

02.08 छात्र–

वर्ष 2013–14 में प्रथम वर्ष में नामांकित छात्रों की संख्या–

1–	सिविल अभियांत्रिकी	–	59
2–	विद्युत अभियांत्रिकी	–	46
3–	यांत्रिक अभियांत्रिकी	–	51
4–	इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	–	42
5–	संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	–	44
	कुल योग	–	**242**
पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियों की संख्या		–	07

02.09 परीक्षा एवं मूल्यांकन–

छात्रों को कक्षा में एवं परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर ग्रेड श्रेणी दी जाती है। ग्रेड एवं उसके समकक्ष अंकबिन्दु निम्नलिखित है–

ग्रेड	ग्रेड बिन्दु	विवरण
AA	10	सर्वोत्तम
AB	09	उत्तम

BB	08	अच्छा (औसत से ऊपर)
BC	07	पाठ्यक्रम में प्राप्त उद्देश्य
CC	06	प्रदर्शन से नीचे
DD	04	न्यूनतम उद्देश्य प्राप्त
EE	0	न्यूनतम
FF	0	अति न्यूनतम
GG	–	अपूर्ण
UU	–	असन्तोषजनक
PP	–	ऑडिट उत्तीर्ण
YY	–	ऑडिट अनुतीर्ण
XX	–	आहरण
KK	–	निरन्तर
SS	–	सन्तोषजनक पूर्णता (शून्य क्रेडिट पाठ्यक्रम)
ZZ	–	सन्तोषजनक/अनुर्तीण (शून्य क्रेडिट पाठ्यक्रम)
JJ	–	मुख्य पाठ्यक्रम में तीन बार असफल। वांछनीय पाठ्यक्रम से प्रतिस्थापित करने की अनुमति

अन्तिम ग्रेड/अंक पत्र में केवल उत्तीर्ण ग्रेड दर्शाये जाते हैं। छात्र जिन्होंने 6.75 सीजीपीए प्राप्त किये हैं उन्हें प्रथम श्रेणी से सम्मानित किया जाता है।

प्रदर्शन का मूल्यांकन–

छात्र का प्रदर्शन दो भागों में मूल्यांकित किया जाता है। जिसमें सेमेस्टर ग्रेड प्वाइन्ट औसत (SGPA) जो कि एक सेमेस्टर का औसत होता है तथा CGPA जो कि सम्पूर्ण सेमेस्टर में प्राप्त औसत होता है।

संचित कोटी अंक औसत (CGPA) जो कि पूर्ण किये गये सेमेस्टर में प्राप्त ग्रेड प्वाइन्टों का औसत होता है।

जिन पाठ्यक्रमों में छात्र द्वारा AA से DD ग्रेड प्राप्त किए है उन सभी पाठ्यक्रमों के कुल क्रेडिट का योग अर्जित क्रेडिट के रूप परिभाषित किया जाता है। स्नातकोत्तर छात्रों के पीपी या एस एस ग्रेड भी अर्जित क्रेडिट में जोड़ा गया है। एक सेमेस्टर में अर्जित ग्रेड प्वाइन्ट (ईजीपी)=Σ(पाठ्यक्रम क्रेडिट×ग्रेड प्वाइन्ट) उन पाठ्यक्रमों जिनमें AA से DD प्राप्त किये है।

पंजीकृत किसी विशेष सत्र में प्राप्त किए गये एस एस और जेड जेड पाठ्यक्रम को छोड़कर समस्त पाठ्यक्रमों में प्राप्त ग्रेडो के आधार पर एस जी पीए की गणना की जाती है। यू यू ग्रेड को ग्रेड प्वाइन्ट के अनुसार फेल ग्रेड माना जाता है तथा एस जी पी ए की गणना के समय इसे भी शामिल किया जाता है।

पूर्ण किए गये सेमेस्टर में प्राप्त किए गये पास ग्रेड (ऑडिट पाठ्यक्रम तथा ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें एस एस एवं जेड जेड प्राप्त किया है, को छोड़कर) के आधार पर सी जी पी ए की गणना की जाती है।

सेमेस्टर ग्रेड प्वाइन्ट औसत (SGPA) =अर्जित ग्रेड प्वाइन्ट (ईजीपी)/Σ(पाठ्यक्रम क्रेडिट) उन पाठ्यक्रमों के लिए जो एक सेमेस्टर में पंजीकृत किये गये हों जिसमें AA-FF ग्रेड प्राप्त हुआ हो।

संचित कोटी अंक औसत (CGPA)=अर्जित ग्रेड प्वाइन्ट (ईजीपी)/Σ(पाठ्यक्रम क्रेडिट) उन पाठ्यक्रमों के लिए जो एक सेमेस्टर में पंजीकृत किये गये हों जिसमें AA-DD ग्रेड प्राप्त हुआ हो।

संचित कोटी अंक औसत (CGPA) से प्रतिशत(%) में रूपान्तरण करने का सूत्र निम्नलिखित है–

$$\text{Percentage (\%)} = 0.60 \times (\text{CGPA})^2 + 0.81 \times (\text{CGPA}) + 27.20$$

प्रतिशत (%) से संचित कोटी अंक औसत (CGPA) में रूपान्तरण करने का सूत्र निम्नलिखित है–

$$\text{CGPA} = \frac{-0.81 + \sqrt{(0.81)2 - 4x(0.60)(27.20 - Percentage)}}{2x0.60}$$

02.10 प्रशिक्षण एवं स्थापन

संस्थान में प्रशिक्षण एवं स्थापन प्रकोष्ठ छात्रों के स्थापन, इर्न्टनशिप एवं प्रशिक्षण हेतु स्थापित किया गया है। कई संस्थानो द्वारा प्रतिवेदन के दौरान संस्थान मे भ्रमण किया तथा छात्रों को इर्न्टनशिप, प्रशिक्षण एवं स्थापन हेतु अवसर प्रदान किये। कुल 7 छात्रों को विद्युत अभियांत्रिकी, इलैक्ट्रानिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी एवं संगणक विज्ञान अभियांत्रिकी में नौकरी हेतु चयनित किया गया।

02.11 कार्यकम और गतिविधियां

ई–पत्रिकाओं की खरीद पर कार्यशाला

रा0 प्रौ0 सं0 संकाय सदस्यो और कर्मचारियों, डॉ0 रेनु बदोला डगवाल, सुश्री0 मिताली हल्दर और सुश्री0 गरिमा सनामन ने दिनांक 12, 13 जुलाई 2013 एन0 आई0 टी0 बारांगल में ई जनरल के माध्यम से अनुसंधान में उत्कृष्ठता को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया, एन आई टी पुस्तकालय संघ द्वारा ई जनरल की खरीद के लिए प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

लैब व्यू पर कार्यशाला

रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 10,11 अगस्त 2013 को एडीसीसी प्रा0 लि0 के साथ लैव व्यू पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कि संकाय के सदस्यों और छात्रों ने सक्रिय रूपसे भाग लिया, जिसमें कि विभिन्न अभियांत्रिक और औद्योगिक समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न सॉफटवेयरो का उपयोग करने पर विचार किया गया इसके अतिरिक्त हार्डवेयर सिस्टम के साथ विभिन्न सॉफटवेयर प्रोग्राम की संगतता मुद्दे पर सविस्तार बिन्दु उठाये गये। साथ ही इनके संचालन एवं अनुसंधान गतिविधियों के महत्व पर प्रासंगिक रूप से प्रकाश डाला गया।

मैट लैब पर कार्यशाला

रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 8 सितम्बर 2013 को एडीसीसी प्रा0 लि0 के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कि संकाय सदस्यों द्वारा सक्रिय रूप से भाग लिया गया, कार्यशाला में मैटलैब यूजर इण्टरफेस के साथ काम करने सहित विभिन्न प्रशिक्षण मॉडॅयूल शामिल हैं, जैसे कि वैक्टर, और मैट्रिक्स का विश्लेशण, डेटा फाईलों के साथ काम, समारोहों में लेखन कार्य, सिमलिंक मॉडल बनाना और संसोधित करना, निरन्तर समय मॉडलिंग, असतत समय और संकर प्रणालियां आदि।

प्री यूरेका कार्यशाला

आई0आईटी0 बाम्बे, ई सेल के माध्यम से रा0प्रौ0सं0 और पोषण प्रतिभा अकादमी प्रा0 लि0 में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 14.09.2013 को किया गया जिसमें कि श्री अमित गुरोहर संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पोषण प्रतिभा अकादमी प्रा0लि0 और रजत शर्मा मुख्य कार्यकारी अधिकारी और संकाय सलाहकार पोषण प्रतिभा अकादमी प्रा0लि0 उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों के लिए उद्यमिता से सम्बन्धित जटिलताओं के बारे में जागरूकता, बी प्लान लेखन, विपणन और वित मुख्य था। इस कार्यशाला मे छात्रों को यूरेका में भाग लेने और आई0आई0 बॉबे में जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इन्डक्शन ट्रैनिंग प्रोग्राम पर कार्यशाला

दिनांक 20 से 22.09.2013 तक रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड द्वारा नव नियुक्त शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के लाभ के लिए 20 घण्टों का प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके लिए वीएनआईटी, नागपुर के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण सत्र का संचालन करने के लिए दौरा किया गया। जिसमें कि रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड के 40 से अधिक स्टाफ सदस्यों द्वारा भाग लिया गया तथा श्री एम गुनशेखरन, वीएनआईटी, नागपुर द्वारा सामान्य वित्तीय नियम, लेन–दे खरीद प्रकिया, निर्माण गतिविधियों, सेवा अनुबन्ध, आयकर, सेवाकर और रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड के कर्मचारी के रूप में लागू पेशेवर कर पर व्याख्यान दिया गया। श्री सी एस तोमर, औ एस डी, वीएनआईटी, नागपुर कार्यालय के संगठन संरचाना द्वारा रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड के अधिकारियों के बारे में संकाय सदस्यों को सूचित किया कि रा0प्रौ0सं0 अधिनियम के अनुसार रा0प्रौ0सं0 के कामकाज को विभिन्न धाराओं के निहितार्थ बताया। साथ ही साथ उन्होने रा0प्रौ0सं0 की विधियों अधिकारियों की शक्तियो और कर्मचारियों की सेवाशर्तों के नियमों पर विचार विमर्स किया। श्री ए0पी0 विरोदकर, उप कुलसचिव लेखा, वीएनआईटी, नागपुर ने भी एक व्यापक केन्द्रीय सेवा नियमावली पर रा0प्रौ0सं0 की विधियों के माध्यम से प्रवर्तन पर व्याख्यान किया, उन्होने कहा कि प्रतिन्युक्ति, पेशन अंशदान जैसे शब्दों की प्रासंगिकता के बारे में भी बताया, और अवकाश वेतन अंशदान के बारे में बताया, इसके अतिरिक्त उन्होने परिवार और विशेष प्रावधान के लिए पात्रता कि लिए बैठक की, युवा संकाय एवं कर्मचारी सदस्यों ने शिक्षाप्रद बैठक आनन्द लिया और उनके संदेहों को स्पष्ट करने के लिए अवसर प्रदान किये। प्रेरण कार्यक्रम का समापन 22.09.2013 को किया गया।

रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड उत्सव प्रवर्तक 2013

छात्र गतिविधि परिषद, रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड द्वारा 22/09/2013 को फ्रेसर पार्टी का आयोजन किया गया, समारोह को उद्घाटन प्रो0 एच0टी0 थोरत, माननीय निदेशक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को नए चेहरो के रोमांचक प्रर्दशन से चिन्हित किया गया, प्रतिभाशाली युवावो ने लोक नृत्य, साल्सा और गानो द्वारा दर्शको का मंत्रमुग्ध कर दिया । इसके अलावा समारोह का रोमांच बढाने के स्टेन्डप कामेडी एवं मंच नाटक का आयोजन किया गया है। जिसमे कि सेरीन सिद्धकी और सिद्धान्त सक्सेना को मिस और मिस्टर फ्रेसर का ताज पहनाया गया, समारोह के समापन में स्वादिष्ट खाना सभी मेहमानों एवं प्रतिभागियों को परोसा गया।

तनाव प्रबन्धन पर कार्यशाला

रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड द्वारा 26.09.2013 को "आज की चुनौतियों का सामना" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। तनाव प्रबन्धन तकनीकों के साथ छात्रों और संकाय सदस्यों को लैस करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया, 26.9.2013 को प्रो0 वी एल0 जागिरदार, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। विशेषज्ञ पैनल में मनौवैज्ञानिक सलाहकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

डॉ0 एस के बत्रा चिकित्सा अधिकारी वीएनआईटी, नागपुर ने 'समग्र स्वास्थ्य' विषय पर एक व्याख्यान दिया और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए संतुलित आहार की महत्व को रेखाकिंत किया।

डॉ0 ए एस जुंगारे सह प्रध्यापक इलेक्ट्रीकल इन्जीनियरिंगए वीएनआईटी, नागपुर ने खुद को प्रेरित रखने के लिए विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला, श्रीमती सुमित्रा चटर्जी और श्रीमती अदिति देशमुख, सलाहकार वीएनआईटी, नागपुर ने ऐसी स्थिति से निपटने में आत्म बल के महत्व पर छात्रों द्वारा सामना करने के लिए मनोवैज्ञानिक समस्याओं की स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल दिया।

डॉ0 एस एन देशमुख वीएनआईटी, नागपुर के प्रशिक्षण और स्थापन अधिकारी, वीएनआईटी, नागपुर ने परीक्षा सम्बन्धी चिन्ताओं पर प्रकाश डाला और समूह चर्चा और साक्षात्कार में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। डॉ माधव राजे, वीएनआईटी, नागपुर प्रसिद्ध मनोचिकित्सक ने आत्म छविनिर्माण की प्रक्रिया पर ध्यान केन्द्रित किया और ऐसी छवि निर्माण की प्रक्रिया में शिक्षकों की भूमिका पर पर बल दिया। श्री एस0 एस0 जुंगारे प्रसिद्ध औद्योगिक विशेषज्ञ नागपुर ने

विभिन्न उद्योगों में तकनीकि शिक्षा के महत्व और इसकी प्रासंगिकता और मांग पर ध्यान केन्द्रित किया। 29.9.2013 को डॉ0 एके सिंह सीएमओ पौड़ी की अध्यक्षता में कार्यशाला का समापन किया गया।

रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड उत्सव दुर्गापूजा

रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड ने 12 अक्टूबर को प्रथम दूर्गा पूजा का उत्सव मनाया। दूर्गा पूजा को भव्य तरीके से मनाया गया। जिसमें आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम डांडिया, पुष्पांजलि और प्रसाद वितरण किया गया, छात्रों के अथक प्रयास और व्यवस्थित योजना में वाहवाही और प्रशस्तियां अर्जित हुई।

शिक्षा शास्त्र पर कार्यशाला

रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड द्वारा 25.10.2013 तक अध्यापन पर एक व्यापक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयेजन किया गया कार्यशाला का क्षेत्र विशेषज्ञों द्वारा आयोजित कार्यशाला के विभिन्न मुद्दों और विषयो को सम्बोधित किया, वीएनआईटी, नागपुर के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ0 योगेश देशपाण्डे ने शिक्षा, टीम के निर्माण की तकनीक और प्रबन्धन के खेल का शिक्षाशास्त्र को समझने की जरूरत पर सविस्तार वर्णन किया, डॉ विवेक ननोटी प्राचार्य, प्रियदर्शनी इन्दिरा कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग ने शिक्षण और सीखने की प्रकिया मे आधुनिक प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रसंगिकरूप से वह शिक्षकों और छात्रों संचार कौशल में वृद्धि और कुछ रोल मॉडल के खिलाफ शिक्षकों के प्रदर्शन का मुल्यांकन करने के तरीके की बीच डिजिटल डिवाइड को कम करने पर जोर दिया।

डॉ नीता साह, प्रो0 रामदेवबाबा कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग और प्रबन्धन, नागपुर ने कार्यस्थल पर सकारात्मक दृष्टिकोण का निर्माण, नौकरी से सन्तुष्टि, भागीदार और संगठनात्मक प्रतिबद्धता के रवैये के प्रभाव पर ध्यान केन्द्रित किया। डॉ0 रोजिना जाना, विभाग प्रमुख, पिर्यदर्शनी समूह ने अपनी प्रस्तुति में समिश्रण शिक्षण और सलाह और छात्रों को समझने और उनके अनुसार शिक्षण अध्यापन को रेखांकित किया। इसके साथ उन्होने गतिविधि आधारित शिक्षा को महत्व दिया। इसी बात पर डॉ चन्दन बिचोरे ने कहा कि इन्जीनियरिंग शिक्षा में इन्जीनियरिंग शिक्षकों के लिए प्रकरण बिल्डिंग छात्रों जटिल अवधारणा और व्याख्यान करने के लिए विडियो और मामले के अध्ययन के प्रयोगों को करने के लिए शोधपत्र का उपयोग करने की उपयोगिता के बारे में बताया। डॉ0 शिशिर पलसापुरे, सह फैलो और पर्यवेक्षक, अल्वर्ट एलिस संस्थान,न्यूयार्क, ने तनाव का मुकाबला करने के लिए रणनीति पर सविस्तार और क्रोध प्रबन्धन की कई तकनीको पर चर्चा की।

डॉ0 राहुल जोशी ने अवसाद से निपटने में संगीत चिकित्सा की भूमिका का उदाहरण दिया। कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञों से सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के साथ, उक्त कार्यशाला दिनांक 28.10.2013 को सम्पन्न हुई।

02.12 खेल सुविधाऐं

संस्थान छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए पर्याप्त खेल सुविधाऐं उपलब्ध करवाता है। संस्थान का खेल केन्द्र छात्रों एवं कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु तथा उन्हें अन्तर–रा0प्रौ0सं0 प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उत्साहित करता है। खेल केन्द्र का नेतृत्व खेल अधिकारी द्वारा किया जाता है जो छात्रों को विद्यालय स्तरीय एवं राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के हेतु प्रेरित करते हैं। समय–समय पर स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेन्ट तथा गैर–शैक्षणिक क्रिकेट मैच, रिवर राफ्टिंग गतिविधि, साहसिक यात्राऐं, खेल सम्मेलन 2013, अन्तर छात्रावासीय प्रतियोगिताऐं इत्यादि आयोजित किये जाते हैं।

02.13 उल्लेखनीय उपलब्धियां

कर्मचारी वृंद एवं संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, गोष्ठियों, कार्यशालाओं एवं तमाम बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिये। कुछ अन्य संकाय सदस्यों को विशय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान देने के लिए रा0प्रौ0सं0 में आमन्त्रित किया गया तथा उन्होंने अपने शोधपत्र ख्यातिप्राप्त जर्नल में प्रकाशित किया। इलैक्ट्रान्क्सि एवं संचार अभियांत्रिकी, विद्युत अभियांत्रिकी एवं संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी से कुल 25 छात्रों ने गेट (GATE) की परीक्षा उत्तीर्ण की, जबकि 2 अन्य छात्रों ने कैट (CAT) एवं जी0आर0ई0 (GRE) की परीक्षा इस वर्ष उत्तीर्ण की।

02.14 अनुसंधान एवं विकास संरचनाएं

प्रत्येक विभाग के पास अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना उपलब्ध है। इनमें नेशनल इन्स्ट्रूमेंन्ट का लैब व्यू सॉफ्टवेयर, ड्राइव्स, इन्वर्टेड पैन्डूलम, मैटलैब, ओरेकल, सिस्को राउटर, ब्लेट सर्वर, स्थायी मेगनेट ब्रशलेस डीसी मोटर, वेक्टर नियन्त्रित इन्डक्शन मोटर, सौर्य एवं वायु ऊर्जा विधि, डिजिटल स्टोरेज ओसीलोस्को, सर्वोमोटर इत्यादि उपलब्ध हैं।

इलेक्ट्रोनिक्स एवं संचार विभाग के पास एलविस–II, इमोना सिगेक्स, एनआईपीएक्सआई–5441, 100एम एस/एस ए डब्ल्यू जी, एनआईपीएक्सआईई 5632, 8.5 जी एच जेड वेक्टर नेटवर्क विश्लेशक, एनआईपीएक्सआईई– 8820, एनआईपीएक्सआईई–1085, आर एफ संकेत विश्लेशक 26.5 मेट्रिक्स तक, पीएक्सआई वेक्टर विश्लेशक, एन आई यू एस आर पी तार विहीन संचार 2932, 400 मेगा हर्ट्ज 4.4 जी एच जेड, जी पी एस क्लॉक सॉफ्टवेयर रेडियोकिट, हार्डवेयर ड्राइवर, 144, 400 एवं 1200 मेगा हर्ट्ज ट्राईबैन्ड 7 इन्च वर्टिकल ऐन्टिना, ड्यूअल बैन्ड 2.4 से 2.48 तक एवं 4.9 से 5.9 जी एच जेड वर्टिकल ऐन्टिना, यू एस आर पी एम आई एम ओ सिंक एवं डेटा केविल उपलब्ध है।

यान्त्रिक अभियांन्त्रिकी विभाग के पास नेशनल इन्स्ट्रूमेन्ट का मापांक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त लैब व्यू सॉफ्टवेयर, संगणक डिजाइन सुविधा, विन्ड टनिल, यूनिवर्सल टेस्टिंग मशीन शॉप एवं कार्यशाला की सुविधा उपलब्ध है। यान्त्रिक अभियांन्त्रिकी विभाग उत्पादन, टूल डिजाइन, थर्मल, एवं मेटिरियल कैरेक्ट्राईजेशन इत्यादि में शोध की सुविधा उपलब्ध है।

शोधकर्ताओं के लिए हॉल इफेक्ट सेटअप, 4 प्रोब विधि, एच ई–एन ई लेजर, सौर ऊर्जा प्रकोष्ठ, पी एच मीटर एवं कन्डकटिविटी मीटर, कार्यशाला एवं हाई स्पीड कम्प्यूटिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं। शोध सुविधाओं में सहायता हेतु अत्यधिक मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक शोध पत्रिकाएं उपलब्ध हैं जैसे आईईईई, एएसएमई, साइन्स डाइरेक्ट इत्यादि प्रमुख हैं।

03.00 कर्मचारी वृंद

03.01 शैक्षणिक कर्मचारी

क्र0 सं0	विभाग	प्राध्यापक	सहप्राध्यापक	सहायक प्राध्यापक	कुल योग
1–	सिविल अभियांत्रिकी	–	–	01	01
2–	संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	–	–	03	03
3–	इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	–	–	03	03
4–	विद्युल अभियांत्रिकी	01	–	04	05
5–	यांत्रिक अभियांत्रिकी	–	01	04	05
6–	रसायनशास्त्र	–	–	02	02
7–	अर्थशास्त्र	–	–	01	01

8–	अंग्रेजी	–	–	02	02
9–	गणित	–	–	03	03
10–	भौतिकी	–	–	02	02
11–	समाज शास्त्र	–	–	01	01
	कुल योग	**01**	**01**	**26**	**28**

संकाय सदस्यों की विशेषज्ञता का विवरण

क्र0 सं0	**नाम/उच्चतम उपाधि**	**विषय विशेषज्ञता**
	प्राध्यापक	
1–	प्रो0 वी0के0 शर्मा	विद्युत अभियांत्रिकी
	सहप्राध्यापक	
1–	डॉ0 ए0एस0 धुन्डी	यांत्रिक अभियांत्रिकी
	सहायक प्राध्यापक – विज्ञान एवं मानविकी	
1–	डॉ0 मानवेन्द्र सिंह खत्री	भौतिकी
2–	डॉ0 इन्द्रजीत मनोहर नागपुरे	भौतिकी
3–	डॉ0 सरोज रंजन डे	रसायन
4–	डॉ0 अजय कुमार चौबे	अंग्रेजी
5–	डॉ0 (श्रीमती) रेनू भदोला डंगवाल	अंग्रेजी
6–	डॉ0 दीपक कुमार बहेरा	अर्थशास्त्र
7–	डॉ0 अनिरबन मुखर्जी	समाज शास्त्र
8–	डॉ0 कुलदीप शर्मा	गणित
9–	डॉ0 धीरेन्द्र बहादुर सिंह	गणित
10–	डॉ0 नितिन शर्मा	गणित
11–	डॉ0 पंकज कण्डवाल	रसायन
	सहायक प्राध्यापक – इलैक्ट्रॉनिक्स एवं संचार	
12–	श्री कुमार गौरव	संचार एवं एस0पी0
13–	सुश्री घनप्रिया सिंह	सिग्नल प्रॉसेसिंग
14–	श्री सन्तोश कुमार भगत	आर0एफ0 एवं माइक्रोवेब
	सहायक प्राध्यापक – विद्युत अभियांत्रिकी	
15–	श्री प्रकाश द्विवेदी	कन्ट्रोल सिस्टम
16–	श्री विनीत पी0 चन्द्रन	पावर सिस्टम्स
17–	श्री महिराज सिंह रावत	पावर सिस्टम्स
18–	श्री सौरव बोस	पावर सिस्टम्स

सहायक प्राध्यापक – यांत्रिक अभियांत्रिकी		
19–	डॉ0 पवन कुमार राकेश	मैनुफैक्चरिंग
20–	श्री विकास कुकशाल	कैड–कैम
21–	श्री अपूर्वा मण्डल	वाईब्रेशन विश्लेषण
22–	श्री अश्विनी कुमार यादव	हीट ट्रान्सफर
सहायक प्राध्यापक – संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी		
23–	सुश्री मिताली हलदर	नेट लैंग्वेज प्रोसेसिंग
24–	श्री नितिन कुमार	इमेज प्रोसेसिंग
25–	श्री महीप सिंह	नेटवर्क सुरक्षा
सहायक प्राध्यापक – सिविल अभियांत्रिकी		
26–	सुश्री स्मिता कलोनी	सिविल अभियांत्रिकी

03.02 अधिकारीगण

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या
1–	निदेशक	01
2–	सहायक कुलसचिव	02
3–	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	01
4–	छात्र गतिविधि एवं खेल अधिकारी	01
	कुल योग	05

अधिकारियों का विवरण

क्र0 सं0	नाम	पदनाम
1–	प्रो0 एच0टी0 थोरात	निदेशक
2–	डॉ0 विनीता नेगी	सहायक कुलसचिव (लेखा)
3–	डॉ0 भोलेशंकर सिखवाल	सहायक कुलसचिव (भण्डार)
4–	डॉ0 कुलदीप सिंह	छात्र गतिविधि एवं खेल अधिकारी
5–	डॉ0 गरिमा सानामन	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष

ब) गैर–शैक्षणिक कर्मचारी

तकनीकी

क्र0 सं0	पदनाम	पेबेन्ड एवं ग्रेडपे	पदों की संख्या	सामान्य	अनु0जा0	अनु0ज0जा0	अन्य पिछड़ा

							वर्ग
1–	तकनीकी सहायक	पीबी–2, रू0 4200	05	04	–	–	01
2–	प्रयोगशाला सहायक	पीबी–1, रू0 2000	01	01	–	–	–
3–	तकनीशियन	पीबी–1, रू0 2000	04	03	01	–	–
प्रशासनिक							
1–	लेखाकार	पीबी–2, रू0 4200	01	01	–	–	–
2–	अधीक्षक	पीबी–2, रू0 4200	01	01	–	–	–
3–	वरिष्ठ सहायक	पीबी–1, रू0 2400	01	01	–	–	–
4–	कनिष्ठ सहायक	पीबी–1, रू0 2000	01	01	–	–	–
सहायक कर्मचारी							
1–	मल्टीटास्किंग	पीबी–1, रू0 1800	02	02	–	–	–
	कुल योग		**16**	**14**	**01**	–	**01**

गैर शैक्षणिक कर्मचारी वृंद का विवरण

क्र0 सं0	**नाम**	**पदनाम**	**विभाग**
1–	श्री अनूप शर्मा	लेखाकार	लेखा
2–	श्री संजय भट्ट	अधीक्षक	स्थापन
3–	श्री अनन्त देव त्यागी	तकनीकी सहायक	संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
4–	सुश्री भावना	तकनीकी सहायक	इलैक्ट्रानिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी
5–	सुश्री नेहा रतूड़ी	तकनीकी सहायक	भौतिकी
6–	श्री राम मोहन गुप्ता	तकनीकी सहायक	यांत्रिक अभियांत्रिकी
7–	श्री सुबिनॉय चौधरी	तकनीकी सहायक	विद्युत अभियांत्रिकी
8–	श्रीमती बीना रावत	वरिष्ठ सहायक	शैक्षणिक
9–	सुश्री रेखा रावत	कनिष्ठ सहायक	शैक्षणिक

10–	श्री अनिल भट्ट	प्रयोगशाला सहायक	रसायन विज्ञान
11–	श्री जय देव	तकनीशियन	संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
12–	श्री मनोज कुमार	तकनीशियन	संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
13–	श्री प्रदीप कुमार	तकनीशियन	विद्युत अभियांत्रिकी
14–	श्री सुमित चन्द्र सिंह रावत	तकनीशियन	इलैक्ट्रानिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी
15–	श्री रविन्द्र कुमार	मल्टीटास्किंग	विद्युत अभियांत्रिकी
16–	श्री सन्तोष सिंह रावत	मल्टीटास्किंग	यांत्रिक अभियांत्रिकी

वर्ष के दौरान त्यागपत्र देने वाले शिक्षक एवं कर्मचारी

क्र0 सं0	नाम	विभाग	कारण
1–	सुश्री दीपिका सिपल	इलैक्ट्रानिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	त्यागपत्र एवं स्वयं के आग्रह पर कार्य मुक्त
2–	श्री मन्दीप सिंह	इलैक्ट्रानिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	त्यागपत्र एवं स्वयं के आग्रह पर कार्य मुक्त
3–	श्री पीयूश तिवारी	इलैक्ट्रानिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	त्यागपत्र एवं स्वयं के आग्रह पर कार्य मुक्त
4–	श्री ऋषभ वर्मा	इलैक्ट्रानिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	त्यागपत्र एवं स्वयं के आग्रह पर कार्य मुक्त
5–	श्री जयराम नक्का	विद्युत अभियांत्रिकी	त्यागपत्र एवं स्वयं के आग्रह पर कार्य मुक्त
6–	श्री पंकज कुमार	लेखा	त्यागपत्र एवं स्वयं के आग्रह पर कार्य मुक्त

03.03 सतत् शिक्षा कार्यक्रम

सतत् शिक्षा कार्यक्रम के तहत संकाय सदस्यों ने विभिन्न गोष्ठियों, सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं में भाग लिया। विवरण निम्नलिखित है–

क्र0 सं0	नाम एवं पदनाम	कार्यशाला/गोष्ठी/सम्मेलन	स्थान	दिनांक	
				से	तक
1–	प्रो0 वी0 के0 शर्मा (प्राध्यापक)	अ) डिजाइन एनालिसिस ऑफ क्वान्टम वैल इन्फ्रारेड फोटो डिटेक्टर्स	इण्डोनेशिया	02–08–13	03–08–13
		ब) शिक्षण की समझ : प्रक्रिया एवं शिक्षण विधि	रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड	25–10–13	28–10–13
		स) वोसा–2014	नई दिल्ली	08–03–14	10–03–14

2–	डॉ0 मानवेन्द्र सिंह खत्री (सहायक प्राध्यापक)	शिक्षण की समझ : प्रक्रिया एवं शिक्षण विधि	रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड	25–10–13	28–10–13
3–	डॉ0 इन्द्रजीत नागपुरे (सहायक प्राध्यापक)	शिक्षण की समझ : प्रक्रिया एवं शिक्षण विधि	रा0प्रौ0सं0 उत्तराखण्ड	25–10–13	28–10–13
